# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2008 सत्र

## शुक्रवार, दिनांक 11 जुलाई, 2008

## तारांकित प्रश्नोत्तर

### सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में प्रस्तावित पुलिया का निर्माण

1. ( *क्र. 256) **कु. कामदा जोल्हे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सही है कि सारंगढ़ विधान सभा के ग्राम अण्डोला और पाढ़ के बीच सक्राम नाला में पुलिया बनाना प्रस्तावित है ? यदि हां तो निर्माण कार्य कब तक शुरु कर दिया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : जी हां. प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना संभव है.

### बजट में प्रावधानित कार्यों की अद्यतन स्थिति

2. ( *क्र. 319) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड डभरा एवं मालखरौदा में कौन-कौन से सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण एवं बिल्डिंग वर्क हेतु बजट में प्रावधान रखा गया है ? वर्षवार जानकारी प्रदान करें. (ख) प्रावधानित कार्यों में से कितने कार्यों की निविदा आमंत्रित कर दी गयी है ? कितने का निविदा आमंत्रण किया जाना शेष है ? शेष कार्यों की निविदा कब तक आमंत्रित कर दी जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" में है. (ख) 68 कार्यों की निविदा आमंत्रित. 03 कार्यों की निविदा आमंत्रण शेष. 18 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित होने के कारण निविदा आमंत्रण की तिथि बताना संभव नहीं है. 08 कार्य आवश्यक नहीं (अन्य विभाग द्वारा कराये जाने के कारण).

### शिवरीनारायण में रिंग रोड निर्माण संबंधी

3. ( *क्र. 30) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या शिवरीनारायण के बिलासपुर रोड से शबरी सेतु तक रिंग रोड निर्माण संबंधी कार्यवाही विभाग में प्रचलित है ? यदि हां, तो शिवरीनारायण में रिंग रोड निर्माण का कार्य कब तक प्रारंभ कर दिया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : जी हां. निश्चित तिथि बतलाना संभव नहीं है.

### जशपुर जेल ब्रेक

4. ( *क्र. 217) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जशपुर नगर में 15 मई, 2008 को जेल से कितने कैदी फरार हुये ? इसी तिथि को कुल कितने कैदी जेल में थे ? फरार कैदियों में कितने नक्सली थे ? कितने दण्डित तथा कितने विचाराधीन कैदी थे ? (ख) जशपुर नगर जेल के लिये कुल कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने कार्यरत हैं ? पदवार जानकारी देवें ? (ग) कैदियों के जेल से फरार होने की घटना में कौन-कौन दोषी अधिकारी/कर्मचारी पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जेल जशपुर नगर से दिनांक 15 मई 2008 को 11 बंदी फरार हुए. इसी तिथि को कुल 236 बंदी जेल में थे. फरार कैदियों में कोई भी नक्सली बंदी नहीं था. फरार बंदियों में 6 दण्डित बंदी तथा 5 विचाराधीन बंदी थे. (ख) जिला जेल जशपुर नगर के लिये कुल स्वीकृत एवं भरे पदों का पदवार विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" में है. (ग) बंदियों की जेल से फरार होने की घटना के संबंध में दोषी अधिकारी/कर्मचारियों के नाम तथा उनके विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण † संलग्न परिशिष्ट प्रपत्र-"ब" में है.

बिलासपुर नगर के महामाया चौक के ग्राम-मोपका मार्ग का कांक्रीटीकरण

5. ( *क्र. 334) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बिलासपुर नगर के महामाया चौक से ग्राम मोपका तक सड़क सीमेंटीकरण का कार्य स्वीकृत कर, कार्य कराया गया है ? यदि हां, तो कब स्वीकृत किया गया ? कब से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है ? 19 जून, 2008 तक की अवधि में कितना कार्य पूर्ण हो गया है एवं कितना अपूर्ण है ? (ख) प्रश्नांश (क) के कार्यों के लिये कौन ठेकेदार है एवं कौन सी संस्था कंसल्टेंट का कार्य कर रही है ? 19 जून, 2008 तक कितनी-कितनी राशि का भुगतान कर दिया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) जी नहीं. उक्त सड़क के स्वीकृत 6.60 कि. मी. में से मात्र 2.60 कि. मी. सड़क को ही सीमेंटीकृत किया जाना है. निर्माण कार्य 27-01-2006 को स्वीकृत किया गया तथा 23-05-2006 से प्रारंभ किया गया. लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण तथा शेष 40 प्रतिशत कार्य अभी किया जाना है. (ख) ठेकेदार मेसर्स बनवारी लाल अग्रवाल एवं कन्सलटेंट मेसर्स आर्टीफेक्ट प्रोजेक्ट प्रा. लि. नियुक्त है. ठेकेदार को रुपये 476.48 लाख तथा कन्सलटेंट को रुपये 10.75 लाख का भुगतान किया गया है.

बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति

6. ( *क्र. 343) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कसडोल, पलारी, लवन, आर. आई. क्षेत्र बलौदाबाजार के अंतर्गत कौन-कौन से निर्माण कार्यों की स्वीकृति वर्ष 2006-07, 2007-08 एवं वर्ष 2008-09 में प्रदान की गई ? स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कितने अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ", "ब" एवं "स" में है.

विधान सभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के निर्माण के संबंध में

7. ( *क्र. 329) **श्री अमरजीत भगत** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-1 अंतर्गत दरिमा-मैनपाट मार्ग का कार्य कब स्वीकृत हुआ था तथा उसे पूर्ण करने की तिथि कब थी ? (ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-78 कटनी-गुमला मार्ग में अंबिकापुर से सीतापुर के बीच निर्माण कार्य हेतु राशि स्वीकृत है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ होगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) दिनांक 28-03-05 को स्वीकृत हुआ तथा उसे पूर्ण करने की तिथि दिनांक 18-02-07 थी. (ख) जी हां, कार्य प्रगति पर है.

बोड़सरा काण्ड में दर्ज अपराध एवं गिरफ्तारी

8. ( *क्र. 326) **मोहम्मद अकबर** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में बोड़सरा में माह अप्रैल, 2008 में किनके-किनके विरुद्ध किन-किन धाराओं में किस-किस थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है ? (ख) उक्त अपराध से संबंधित किन-किन लोगों को कब-कब गिरफ्तार कर किस-किस जेल में कब से रखा गया है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में है.

---

† परिशिष्ट "एक"

सीमेंट प्लांट हेतु शासन द्वारा किये गये एम. ओ. यू. की जानकारी

9. ( *क्र. 300) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01-01-04 से 31-05-07 की अवधि में रायपुर जिले में नये सीमेंट प्लांट हेतु किये गये एम. ओ. यू. में से कहां-कहां, किन-किन में निर्माण कार्य चालू कर लिया गया है ? (ख) जिन इकाई द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, उसके द्वारा कितने रकबे में प्लांट लगाना प्रस्तावित है ? कितनी जमीन शासकीय तथा कितनी जमीन निजी है ? (ग) क्या निजी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है ? यदि हां तो कितना ? किस दर एवं शर्तों पर है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) 01-01-2004 से 31-05-2007 की अवधि में रायपुर जिले में नये सीमेंट प्लांट स्थापना हेतु निष्पादित किये गये 4 एम. ओ. यू. में से किसी में भी निर्माण कार्य चालू नहीं किया गया है. (ख) चूंकि उक्त में से किसी भी निवेशक द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) जी नहीं.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित भवनों की जानकारी

10. ( *क्र. 9) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा वर्ष 2005 से जून 2008 तक कितने आश्रम/छात्रावास भवन तथा हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल भवनों का निर्माण कितनी-कितनी लागत से कराया गया है ? नाम सहित बतावें ? (ख) उक्त अवधि में विकासखण्ड बास्तानार के ग्राम पंचायत मूतनपाल में हाई स्कूल भवन तथा छात्रावास भवन का निर्माण किस एजेन्सी द्वारा करवाया गया था ? क्या उक्त भवनों में लगे भवन सामग्री का परीक्षण विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया था ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" में है. (ख) निर्माण कार्य ठेकेदार श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा करवाया गया था. जी हां.

विधान सभा क्षेत्र राजिम में स्वीकृत सड़क, पुल-पुलियों की जानकारी

11. ( *क्र. 332) **श्री चन्दूलाल साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र राजिम में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में किन-किन सड़कों एवं पुल पुलियों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई थी ? (ख) कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" में है.

नक्सलाईट क्षेत्र में पदस्थापना संबंधी

12. ( *क्र. 313) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि पुलिस विभाग के किस-किस स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों को कितनी अवधि के लिये नक्सलाईट क्षेत्रों में कार्य करना अनिवार्य किया गया है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : पुलिस विभाग की स्थानांतरण नीति के अनुसार पदोन्नति संवर्ग के उप पुलिस अधीक्षकों को 03 वर्ष अथवा 54 वर्ष की आयु जो पहले हो तथा सीधी भर्ती के उप पुलिस अधीक्षकों को 05 वर्ष तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ किया जाना अनिवार्य है. निरीक्षक संवर्ग को 05 वर्ष तथा सूबेदार संवर्ग को 03 वर्ष का सेवाकाल नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पूर्ण करना अनिवार्य है. सीधी भर्ती के उप निरीक्षकों को 10 वर्ष नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पूर्ण करना अनिवार्य है. सहायक उप निरीक्षकों को 03 वर्ष या 52 वर्ष की आयु तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ किया जाना अनिवार्य है. जिला बल के प्रत्येक आरक्षक को बुनियादी प्रशिक्षण पश्चात् 05 वर्ष का सेवाकाल नक्सल प्रभावित जिले में पूर्ण करना अनिवार्य है. आरक्षक से राज्य पुलिस सेवा स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों को परिवहन विभाग या अन्य विभागों से प्रत्यावर्तन पर 02 वर्ष तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ किया जाना अनिवार्य है.

---

† परिशिष्ट "दो"

†† परिशिष्ट "तीन"

मार्कफेड की देनदारियां/लेनदारियां

13. ( *क्र. 234) **श्री भूपेश बघेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन की संस्था मार्कफेड का आज की स्थिति में देनदारियां एवं लेनदारियां कितनी-कितनी राशियों में है ? (ख) क्या यह सही है कि विगत 6 सालों का एकाउंट अपडेट नहीं हुआ है जिसके कारण वास्तविक हानि की गणना नहीं की जा सकी है ? (ग) मार्कफेड के वर्तमान हानि की स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है और शासन द्वारा क्या इस पर जांच करवाकर कार्यवाही की जावेगी ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) दिनांक 31-03-2008 की स्थिति पर अंतिम लेखे तैयार नहीं है. इसलिए लेनदारियों की अद्यतन स्थिति बताया जाना संभव नहीं है किन्तु प्रावधिक लेखों के अनुसार दिनांक 31-3-2008 को लेनदारियां रुपये 2096.58 करोड़ तथा देनदारियां रुपये 2091.86 करोड़ है. (ख) वित्तीय वर्ष 2004-05 तक के अंतिम लेखे तैयार किये जा चुके हैं. वर्ष 2002-03 के लेखाओं का वैधानिक अंकेक्षण हो चुका है. वर्ष 2003-04 एवं 2004-05 के अंतिम लेखे सनदी लेखाकार द्वारा अंकेक्षित है. वर्ष 2005-06, 2006-07 तथा 2007-08 के अंतिम लेखे तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. इसलिए इन तीन वर्षों के वास्तविक लाभ-हानि की स्थिति स्पष्ट नहीं है. (ग) लेखों के अंतिमीकरण नहीं होने के कारण वर्तमान लाभ-हानि की स्थिति ज्ञात नहीं है. हानि की स्थिति में छ. ग. सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 43-ख तथा धारा 58-ख के अधीन कार्यवाही की जाएगी.

बिलासपुर के जिला चिकित्सालय के निर्माण विषयक

14. ( *क्र. 180) **श्री बलराम सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला चिकित्सालय बिलासपुर के निर्माण की अनुबंधित समयावधि क्या है तथा कब तक निर्माण पूर्ण होने की संभावना है ? (ख) निर्माण कार्य की अनुमानित लागत क्या है ? तथा अभी तक कितनी राशि का कार्य हो चुका है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) निर्माण की अनुबंधित समयावधि 18 माह है. निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. (ख) अनुमानित लागत रुपये 600.00 लाख है तथा अब तक रुपये 4,72,81,299/- व्यय हो चुका है.

किसानों की कर्ज माफी

15. ( *क्र. 64) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले अंतर्गत 1 जनवरी 2008 से 31 मई, 2008 तक कितने किसानों का कितना कर्ज माफ किया गया ? कृपया विकासखण्डवार बतायें ? (ख) कर्ज माफ का क्या मापदण्ड है, कितने किसानों की कितनी राशि के कर्ज माफ करने का प्रस्ताव है ? (ग) कर्ज माफ हेतु 31 मई, 2008 तक कितनी राशि केन्द्र शासन से प्राप्त हुई है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) सहकारिता विभाग द्वारा रायपुर जिले अंतर्गत 01 जनवरी 2008 से 31 मई 2008 तक किसी भी किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया है. अत: विकासखण्डवार जानकारी निरंक है. (ख) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ग) कर्ज माफ हेतु 31 मई 2008 तक केन्द्र शासन से कोई राशि प्राप्त नही हुई है.

समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही

16. ( *क्र. 205) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 5 करोड़ रुपयों की लागत से ज्यादा के कितने पुल, किन-किन स्थानों में निर्माणाधीन हैं ? इनकी तय समय-सीमा क्या है ? (ख) कितने पुलों का निर्माण तय समय-सीमा के भीतर किन कारणों से नहीं हो पाया है ? संबंधित निर्माणकर्ता फर्म के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में है. (ख) 07 पुलों का निर्माण समय-सीमा में नहीं हो पाया. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में है.

सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित निजी भूमि का मुआवजा

17. ( *क्र. 341) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित निजी भूमि के लंबित मुआवजा प्रकरणों की संख्या 01-01-04 की स्थिति में कितनी थी तथा 01-01-08 तक और कितनी भूमि निजी भूस्वामियों से अधिग्रहित की गई ? (ख) प्रश्नांश "क" के संदर्भ में अधिग्रहित भूमि में से कितने प्रकरणों में कितना मुआवजा किस दर से वितरित किया गया ? (ग) बिलासपुर जिले के मरवाही तथा कोटा विधान सभा क्षेत्र में लंबित मुआवजा प्रकरणों की संख्या कितनी है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) कुल लंबित मुआवजा प्रकरणों की संख्या 621, 68.75 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई. (ख) अधिग्रहित भूमि में से 951 प्रकरणों में रुपये 2,75,28,112/- का मुआवजा वितरण भू-अर्जन अधिकारी द्वारा निर्धारित दर से किया गया. (ग) मरवाही में 407 तथा कोटा में 9 मुआवजा प्रकरण लंबित हैं.

पूर्वी-पश्चिमी कारीडोर सड़क पामगढ़-सारंगढ़-सोहिला मार्ग में पेंच रिपेयर

18. ( *क्र. 218) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पूर्वी-पश्चिमी कारीडोर सड़क पामगढ़-सारंगढ़-सोहिला में रायगढ़ लोक निर्माण संभाग सीमा में निर्मित सड़क के रखरखाव-मरम्मत के लिये परफार्मेंस गारंटी की अवधि क्या है ? किस तिथि को कार्य पूर्ण हुआ ? (ख) उक्त मार्ग की मरम्मत हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2006-07, 2007-08, 2008-09 में कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) पूर्वी पश्चिमी कारीडोर सड़क पामगढ़-सारंगढ़-सोहिला में रायगढ़ लोक निर्माण विभाग संभाग सीमा में निर्मित सड़क में रख-रखाव मरम्मत के लिए परफार्मेंस गारंटी की अवधि 24-06-09 निर्धारित है. अनुबंधित कार्य दि. 25-06-06 को पूर्ण हुआ है. (ख) उक्त मार्ग के मरम्मत हेतु निम्नानुसार व्यय की गई है :—

| | | |
|---|---|---|
| वर्ष 2006-07 | - | रु. 11,07,175.00 |
| वर्ष 2007-08 | - | — |
| वर्ष 2008-09 | - | रु. 4,61,746.00 |

किराएदारों द्वारा की गई हत्याएं

19. ( *क्र. 327) **मोहम्मद अकबर :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर के थानों में माह जनवरी, 2008 से 20-06-08 तक कौन-कौन से हत्या के अपराध किन-किन किराएदारों द्वारा घटित किए गये हैं जिसकी जानकारी मकान मालिक द्वारा विधिवत् थाने में नहीं दी गई थी ? (ख) उक्त प्रकरणों में मकान मालिक कौन-कौन थे तथा इनके विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही कब-कब की गई है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

घटिया डामर का उपयोग करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही

20. ( *क्र. 320) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) तारांकित प्रश्न (क्रमांक 571), दिनांक 26 फरवरी, 2007 में दी गयी जानकारी अनुसार घटिया डामर के उपयोग करने के परिणाम स्वरूप ठेकेदारों से कुल कितनी राशि वसूली की जानी थी ? ठेकेदार का नाम, वसूली योग्य राशि कितनी-कितनी है ? जानकारी प्रदान करें ? (ख) वसूली योग्य ठेकेदारों से 30 जून, 2008 की स्थिति में कितनी-कितनी राशि वसूली हेतु बकाया है ? ठेकेदार का नाम, बकाया राशि कितनी-कितनी है ? जानकारी प्रदान करें ? (ग) कंडिका (ख) के ठेकेदार जिनकी राशि वसूली हेतु शेष है, उनके विरुद्ध शासन द्वारा 30 जून, 2008 की स्थिति में क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? (घ) क्या कंडिका (ख) के ठेकेदार जिनकी राशि वसूली हेतु शेष है, उन्हें 01 अप्रैल, 07 से 20 जून, 2008 तक पुन: किसी सड़क निर्माण हेतु ठेका दिया गया है ? यदि हां, तो सड़क का नाम, स्वीकृत राशि कितनी-कितनी है ?

---

† परिशिष्ट "चार"

राज्यमंत्री, लोक निर्माण ( श्री राजेश मूणत) : (क) निर्धारित ग्रेड के डामर के स्थान पर अन्य ग्रेड के डामर का इस्तेमाल करने पर वसूली की राशि † संलग्न परिशिष्ट के अनुसार है. ठेकेदार का नाम, वसूली योग्य राशि संबंधी जानकारी भी परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) 30 जून, 2008 की स्थिति में वसूली योग्य राशि शून्य है. (ग) एवं (घ) प्रश्न ही नहीं उठता.

भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरणों का निराकरण

21. ( *क्र. 344) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 634), दिनांक 20-02-06 के उत्तर में दी गई जानकारी के परिप्रेक्ष्य में कितने भू-स्वामियों को मुआवजा का भुगतान कर दिया गया है ? (ख) यदि नहीं तो क्यों तथा कब तक कर दिया जावेगा ?

राज्यमंत्री, लोक निर्माण ( श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित निजी भूमि का मुआवजा

22. ( *क्र. 338) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित निजी जमीन के लंबित मुआवजा प्रकरण की संख्या 01-01-04 को कितनी थी तथा 01-01-08 तक और कितनी जमीन निजी भू-स्वामियों से अधिग्रहित की गई ? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार अधिग्रहित भूमि में से कितने प्रकरणों में, कितना मुआवजा वितरण किया गया ? (ग) दुर्ग जिले के साजा तहसील में लंबित मुआवजा प्रकरण की संख्या कितनी है ?

राज्यमंत्री, लोक निर्माण ( श्री राजेश मूणत) : (क) लंबित मुआवजा प्रकरण की संख्या 4584 है तथा 01-01-08 तक और 29.25 हेक्टेयर जमीन निजी भूमि स्वामियों से अधिग्रहित की गई. (ख) 1988 प्रकरणों में रुपये 37,38,480/- का मुआवजा वितरण किया गया. (ग) 195 प्रकरण.

नक्सली वारदातों में मृतकों के परिजनों को प्रदत्त मुआवजा

23. ( *क्र. 206) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्ष 2004 से 20-06-08 तक कितनी नक्सली वारदातें कहां-कहां हुई हैं ? वर्षवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त अवधि में नक्सली हिंसा, वारदातों में कितने व्यक्तियों एवं पुलिस कर्मियों की मौत हुई है ? क्या मृतकों के परिजनों को मुआवजे की राशि प्रदाय की जा चुकी है ? (ग) दंतेवाड़ा तथा बीजापुर जिलों में कुल कितने राहत शिविर कहां-कहां संचालित हैं ? जिलेवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री ( श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में वर्ष 2004 से 20-06-2008 तक कुल 2784 नक्सली वारदातें हुई है, वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है :—

**वर्ष 2004 में**—बस्तर में 25, नारायणपुर—56, दंतेवाड़ा—53, बीजापुर—117, कांकेर—79, राजनांदगांव—10, सरगुजा—06, बलरामपुर—39, सूरजपुर-28, जशपुर-03, कुल-416.

**वर्ष 2005 में**—बस्तर में—30, नारायणपुर—84, दंतेवाड़ा—53, बीजापुर—278, कांकेर—83, राजनांदगांव—18, सरगुजा—07, बलरामपुर—30, सूरजपुर—14, जशपुर—5, कोरिया—02, रायपुर—02, **कुल—606.**

**वर्ष 2006 में**—बस्तर में—37, नारायणपुर—100, दंतेवाड़ा—148, बीजापुर—375, कांकेर—73, राजनांदगांव—26, सरगुजा—05, बलरामपुर—24, सूरजपुर—12, जशपुर—05, कोरिया—04, रायपुर—02, दुर्ग—01, **कुल—812.**

**वर्ष 2007 में**—बस्तर में—31, नारायणपुर—74, दंतेवाड़ा—134, बीजापुर—296, कांकेर—56, राजनांदगांव—23, बलरामपुर—10, सूरजपुर—03, कोरिया—02, रायपुर—02, दुर्ग—02, **कुल—633.**

† परिशिष्ट "पांच"

**वर्ष 2008 में 20-6-2008 तक**—बस्तर में—15, नारायणपुर—66, दंतेवाड़ा—66, बीजापुर—84, कांकेर—65, राजनांदगांव—09, बलरामपुर—04, सूरजपुर—01, रायपुर—03, दुर्ग—04, **कुल—317.**

(ख) उक्त अवधि में नक्सली हिंसा, वारदातों में 726 व्यक्ति, 243 पुलिस कर्मी एवं 124 एसपीओ की मौत हुई है. जो हां. 614 व्यक्ति के मृतकों के परिजनों को 659 लाख रुपये, 207 शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को 813 लाख रुपये विशेष अनुग्रह राशि के साथ-साथ, 134 शहीदों के परिजनों को 1340 लाख रुपये बीमा राशि तथा 111 शहीद एसपीओ के परिजनों को 272 लाख रुपये मुआवजा राशि प्रदाय की जा चुकी है.
(ग) जिला दंतेवाड़ा में 09 तथा बीजापुर में 14 कुल 23 राहत शिविर संचालित है—

**जिला दंतेवाड़ा में**—कोंटा, एर्राबोर, दोरनापाल, इंजरम, कासोली, जगरगुण्डा, मरईगुड़ा, पोलमपल्ली एवं बांगापाल.

**जिला बीजापुर में**—बीजापुर, गंगालूर, चेरपाल, नेलसनार, मिरतुर, भैरमगढ़, माटवाड़ा, जांगला, कुटरू, बेदरे, फरसेगढ़, आवापल्ली, उसूर एवं बांसागुड़ा.

<u>बिलासपुर में आर. ओ. बी. निर्माण कार्य की पूर्णता अवधि</u>

24. (*क्र. 181) **श्री बलराम सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर स्थित तिफरा-उसलापुर एवं सिरगिट्टी आर.ओ.बी. की अनुबंधित कार्य अवधि क्या है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी इस प्रकार है :—

| स.क्र. | कार्य का नाम | अनुबंधानुसार पूर्णता तिथि | संभावित पूर्णता तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | तिफरा रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण | 19-6-2008 | 31-12-2008 |
| 2. | बिलासपुर कटनी रेल मार्ग के कि.मी. 726/1-2 पर उसलापुर आर.ओ.बी. का निर्माण. | 08-01-2007 | नवम्बर, 08 |
| 3. | बिलासपुर रायपुर रेल मार्ग के कि.मी. 723/9-11 पर दाधापारा के पास आर.ओ.बी. का निर्माण. | 07-01-2007 | अक्टूबर, 08 |

-----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 217) के भाग (ख ) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**जिला जेल, जशपुर नगर हेतु स्वीकृत/भरे पदों का विवरण निम्नानुसार है :-**

| सरल क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | भरे पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | अधीक्षक जिला जेल | 01 | - | 01 |
| 2. | मेडिकल ऑफिसर | 01 | 01 | - |
| 3. | उप जेलर | 01 | 01 | - |
| 4. | सहायक जेलर | 02 | 01 | 01 |
| 5. | लेखापाल | 01 | - | 01 |
| 6. | कम्पाउण्डर | 01 | - | 01 |
| 7. | मुख्य प्रहरी | 03 | 03 | - |
| 8. | प्रहरी | 19 | 06 | 13 |
| 9. | शिक्षक | 01 | - | 01 |
| 10. | वाहन चालक | 01 | 01 | - |
| 11. | स्वीपर | 02 | 01 | 01 |
| | **योग** | **33** | **14** | **19** |

प्रपत्र "ब"

**जिला जेल, जशपुर नगर से बंदियों की फरारी हेतु दोषी अधिकारी/कर्मचारी के नाम एवं उनके विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है :-**

| स. क्र. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध की गई कार्यवाही |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | श्री ए. कु कुर, उप जेलर | जेल मुख्यालय के आदेश क्रमांक 147 दिनांक 15-05-08 द्वारा निलंबित किया गया तथा ज्ञापन क्रमांक 4104 दिनांक 10-06-08 द्वारा आरोप पत्र जारी किया जा चुका है. |
| 2. | श्री सुधीर एक्का, प्रहरी | कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जशपुर के आदेश दिनांक 15-05-08 द्वारा निलंबित किया गया तथा अधीक्षक, जिला जेल जशपुर के पत्र क्रमांक 272 दिनांक 26-06-08 द्वारा आरोप पत्र जारी किया जा चुका है. |
| 3. | श्री धनमोहन भगत, प्रहरी | कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जशपुर के आदेश दिनांक 15-05-08 द्वारा निलंबित किया गया तथा अधीक्षक, जिला जेल जशपुर के पत्र क्रमांक 273 दिनांक 26-06-08 द्वारा आरोप पत्र जारी किया जा चुका है. |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 09) के भाग (क) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**विधान सभा चित्रकोट क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष अप्रैल 2005 से जून 2008 तक पूर्ण भवन निर्माण कार्यों की जानकारी**

| क्र. | संभाग का नाम | कार्य का नाम | कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की राशि (लाख में) | कार्य की वर्तमान स्थिति | कार्य की लागत/व्यय (लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| **आश्रम भवन** | | | | | | |
| 1. | जगदलपुर क्र.-2 | बालक आश्रम भवन चंदनपुर वि. ख. लोहण्डीगुड़ा. | 45.45 | कार्य पूर्ण | 49.25 | |
| 2. | जगदलपुर क्र.-2 | संयुक्त आश्रम भवन का निर्माण कार्य ग्राम मिचनार में. | 45.45 | कार्य पूर्ण | 58.29 | |
| 3. | जगदलपुर क्र.-2 | संयुक्त आश्रम भवन का निर्माण कार्य ग्राम तारागांव में. | 45.45 | कार्य पूर्ण | 54.73 | |
| 4. | जगदलपुर क्र.-2 | संयुक्त आश्रम भवन का निर्माण कार्य ग्राम गढ़दा में. | 45.45 | कार्य पूर्ण | 52.27 | |
| 5. | दक्षिण बस्तर संभाग | आश्रम भवन घोटपाल | 40.60 | कार्य पूर्ण | 44.74 | |
| 6. | दक्षिण बस्तर संभाग | आश्रम भवन कासोली | 40.60 | कार्य पूर्ण | 41.08 | |
| | | **योग 6 कार्य** | **263.00** | **6 कार्य पूर्ण** | **300.36** | |
| **छात्रावास भवन** | | | | | | |
| 7. | जगदलपुर क्र.-2 | 50 सीटेड प्री मैट्रिक बालक छात्रावास का निर्माण घोटानार में. | 34.40 | कार्य पूर्ण | 32.06 | |
| 8. | जगदलपुर क्र.-2 | 50 सीटेड प्री मैट्रिक बालक छात्रावास का निर्माण मूतनपाल में. | 29.24 | कार्य पूर्ण | 36.50 | |
| | | **योग 2 कार्य** | **63.64** | **2 कार्य पूर्ण** | **68.56** | |
| **हाई स्कूल भवन** | | | | | | |
| 9. | जगदलपुर क्र.-2 | ग्राम मूतनपाल में हाईस्कूल भवन का निर्माण. | 21.38 | कार्य पूर्ण | 31.69 | |
| 10. | जगदलपुर क्र.-2 | ग्राम कोठियागुड़ा में हाईस्कूल भवन का निर्माण. | 21.38 | कार्य पूर्ण | 19.36 | |
| | | **योग 2 कार्य** | **42.76** | **2 कार्य पूर्ण** | **51.05** | |
| | | **महायोग 10 कार्य** | **369.40** | **10 कार्य पूर्ण** | **419.97** | |

प्रपत्र "ब"

**विधान सभा चित्रकोट क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष अप्रैल 2005 से जून 2008 तक अपूर्ण भवन निर्माण कार्यों की जानकारी**

| क्र. (1) | संभाग का नाम (2) | कार्य का नाम (3) | प्रशासकीय स्वीकृति की राशि (लाख में) (4) | कार्य की वर्तमान स्थिति (5) | कार्य की लागत/व्यय (लाख में) (6) | टीप (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **आश्रम भवन कार्य** | | | | | | |
| 1. | जगदलपुर क्र.-2 | बाघनपाल में आश्रम भवन का निर्माण कार्य. | 32.21 | प्रगति पर | - | |
| 2. | जगदलपुर क्र.-2 | वाहनपुर में आश्रम भवन का निर्माण कार्य. | 32.21 | प्रगति पर | - | |
| 3. | जगदलपुर क्र.-2 | कस्तूरपाल में आश्रम भवन का निर्माण कार्य. | 32.21 | प्रगति पर | - | |
| 4. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन पण्डेवार | 40.60 | प्रगति पर | 24.18 | |
| 5. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन फरसपाल | 40.60 | प्रगति पर | 8.82 | |
| 6. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन रोंजे | 40.60 | प्रगति पर | 47.63 | |
| 7. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन छिन्दनार (कारली) | 40.60 | प्रगति पर | 39.07 | |
| 8. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन मुण्डेर | 54.42 | चार बार निविदा अप्राप्त. | - | |
| 9. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन मड़से | 54.42 | प्रगति पर | - | |
| 10. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | आश्रम भवन समलूर (चेरपाल का परिवर्तित स्थल) | 40.60 | प्रगति पर | - | |
| | | **योग आश्रम भवन (10 कार्य)** | **408.47** | **9 कार्य प्रगति पर 1 कार्य निविदा अप्राप्त.** | **119.70** | |
| **हाई स्कूल भवन कार्य** | | | | | | |
| 11. | जगदलपुर क्र.-2 | अलनार हाईस्कूल भवन का निर्माण | 21.38 | प्रगति पर | 19.36 | |
| 12. | जगदलपुर क्र.-2 | बास्तानार में हाईस्कूल भवन का निर्माण | 21.38 | प्रगति पर | - | |
| 13. | जगदलपुर क्र.-2 | लोहण्डीगुड़ा हाईस्कूल भवन का निर्माण | 21.38 | प्रगति पर | - | |
| 14. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | हाई स्कूल भवन रोंजे | 21.38 | प्रगति पर | 13.08 | |
| 15. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | हाई स्कूल भवन बड़ेतुमनार | 21.38 | प्रगति पर | 9.81 | |
| 16. | द. ब. सं. दंतेवाड़ा | हाई स्कूल भवन कासोली | 21.38 | प्रगति पर | 11.07 | |
| | **योग** | **हाई स्कूल भवन (6 कार्य)** | **128.28** | **6 कार्य प्रगति** | **53.32** | |
| | **महायोग (16 कार्य)** | | **536.75** | **15 कार्य प्रगति 1 कार्य निविदा अप्राप्त** | **173.02** | |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 332) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**विधान सभा क्षेत्र राजिम में वर्ष 2006-07 में स्वीकृत सड़क एवं पुल-पुलियों की जानकारी**

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (लाख में)/ दिनांक | पूर्ण/अपूर्ण | टीप |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| **सड़क कार्य** | | | | |
| 1. | छुरा से हरदी मार्ग लम्बाई 2.00 कि. मी. का मजबूतीकरण | रु. 30.61<br>दि. 21-7-06 | पूर्ण | - |
| 2. | परसूली-बरबाहरा मार्ग लम्बाई 1.80 कि. मी. | रु. 38.41<br>दि. 9-1-07 | अपूर्ण | कार्य प्रगति पर |
| 3. | परसदा-पिपरहट्टा लम्बाई 5.00 कि. मी. | रु. 122.11<br>दि. 23-12-06 | अपूर्ण | कार्य प्रगति पर |
| 4. | देवरी पहुंच मार्ग छुरा विकास खण्ड लम्बाई 3.00 कि. मी. | रु. 70.52<br>दि. 21-1-07 | अपूर्ण | कार्य प्रगति पर |
| 5. | पटारानी पहुंच मार्ग विकासखण्ड लम्बाई 4.50 कि. मी. | रु. 121.84<br>दि. 12-5-06 | अपूर्ण | कार्य प्रगति पर |
| 6. | बोरिद-तरंजुगा-गुण्डरदेही-फिंगेश्वर पहुंच मार्ग लम्बाई 6.00 कि. मी. | रु. 144.38<br>दि. 28-3-06 | पूर्ण | - |
| **पुल-पुलिया कार्य** | | | | |
| 1. | हुलना-कनसिंघी मार्ग में 2 नग पुल-पुलिया निर्माण | रु. 81.76 लाख<br>दि. 27-12-06 | अपूर्ण | कार्य प्रगति पर |
| **वृहद पुल कार्य** | | | | |
| 1. | बगनई नाला सेतु/छुरा कोमाखान मार्ग कि. मी. 25/10 | 64.80<br>दि. 27-11-06 | अपूर्ण | पुल कार्य पूर्ण पहुंच मार्ग प्रगति पर |
| 2. | सूखानाला सेतु/छुरा रसेला मार्ग कि. मी. 7/4 | 236.14<br>दि. 21-11-06 | अपूर्ण | पुल कार्य पूर्ण पहुंच मार्ग प्रगति पर |
| | **महायोग :- 6 सड़क कार्य** | **527.87** | **2 पूर्ण, 4 अपूर्ण** | |
| | **1 पुल-पुलिया कार्य** | **81.76** | **1 अपूर्ण** | |
| | **2 वृहद पुल कार्य** | **300.94** | **2 अपूर्ण** | |

प्रपत्र "ब"

## विधान सभा क्षेत्र राजिम में वर्ष 2007-08 में स्वीकृत सड़क एवं पुल-पुलियों की जानकारी

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (लाख में)/ दिनांक | पूर्ण/अपूर्ण | टीप |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| **सड़क कार्य** | | | | |
| 1. | छुरा से गादीकोट डामरीकरण लं. 0.50 कि. मी. | 17.035 दि. 1-2-08 | अपूर्ण | |
| 2. | बेलटुकरी से लफेंदी मार्ग लं. 3.00 कि. मी. | 76.74 दि. 5-10-07 | अपूर्ण | |
| 3. | पथरी से कृषि मंडी पीछे मार्ग का डामरीकरण लं. 1.50 कि. मी. | 44.14 दि. 12-2-08 | अपूर्ण | |
| 4. | छुईहा से बहनाकाड़ी सड़क डामरीकरण | 44.98 दि. 4-2-08 | अपूर्ण | |
| 5. | सुरसा बांधा से जेंजरा मार्ग निर्माण | 57.54 दि. 5-10-07 | अपूर्ण | |
| 6. | राजिम-बासिन-खपरीकला मार्ग निर्माण | 57.24 दि. 10-1-08 | अपूर्ण | |
| 7. | राजिम-गरियाबंद मार्ग लं. 44.625 कि. मी. | 3891.63 दि. 13-8-07 | अपूर्ण | |
| 8. | कोपरा ग्राम पंचायत मार्ग लं. 0.60 कि. मी. | 17.73 दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |
| 9. | कोपरा से पैरी नदी पहुंच मार्ग लं. 0.4 कि. मी. | 17.58 दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |
| 10. | पीपरछेड़ी पहुंच मार्ग लं. 1.00 कि. मी. निर्माण | 19.69 दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |
| 11. | कोपरा आंतरिक पहुंच मार्ग लं. 0.80 कि. मी. | 19.00 दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |
| 12. | रोहिना से टेका पहुंच मार्ग लं. 0.60 कि. मी. | 18.65 दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |
| 13. | रोहिना लिंक रोड लं. 0.60 कि. मी. | 18.65 दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| **पुल-पुलिया कार्य** | | | | |
| 1. | मालगाँव कोचवाय मार्ग पर पुलिया निर्माण का कार्य | 39.67<br>दि. 27-09-07 | अपूर्ण | |
| 2. | कोम्हा कुम्ही मार्ग लं. 3/6 पर रपटा का निर्माण | 19.96<br>दि. 29-03-08 | अपूर्ण | |
| **वृहद पुल कार्य** | | | | |
| 1. | सरगी नाला सेतु/पोखरा हथखोज पसौद मार्ग कि. मी. 4/4 | 388.24<br>दि. 19-12-07 | अपूर्ण | |
| | **योग :- सड़क कार्य - 13**<br>**पुल-पुलिया -2**<br>**वृहद पुल - 1** | **4300.605**<br>**59.63**<br>**388.24** | **13 अपूर्ण**<br>**2 अपूर्ण**<br>**1 अपूर्ण** | |

परिशिष्ट "चार"
[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 327) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्र. | थाना | अपराध क्र. धारा | आरोपी का नाम | मकान मालिक का नाम | मकान मालिक के विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | खमतराई | 278/08 धारा 302, 34 भादवि. | 1. धमेन्द्र कुमार उर्फ रोशना पिता डोमन सिंह राठौर, 17 वर्ष, निवासी मुंडा, तह-जतैरी अनुपपुर, म. प्र. हाल-गोगांव, थाना-खमतराई, रायपुर. 2. कन्हैया उर्फ कन्हेई पिता सुदीन पनका, 19 वर्ष, निवासी ग्राम मुंडा, तह-जतैरी अनुपपुर म. प्र. हाल-गोगांव, थाना-खमतराई, रायपुर. 3. संतोष पिता राजबहादुर सिंह, राजभार, निवासी देवरीखुर्द, थाना पेन्ड्रा, जिला बिलासपुर. 4. चंद्रिका पिता फूलचंद निवासी जरियारी, थाना-जतहरी, अनुपपुर म. प्र. | 1. श्रीमती रानी गुप्ता पति धरमदास गुप्ता 45 वर्ष निवासी बजरंगनगर गायत्री चौक गोगांव रायपुर 2. श्रीमती जानकी बाई गुप्ता महावीर गुप्ता 37 वर्ष निवासी बजरंगनगर गायत्री चौक गोगांव रायपुर. | अपराध क्र. 295/08 धारा 188 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात् दिनांक 24-6-08 को चालान न्यायालय पेश किया गया है. अप. क्र.-296/08 धारा 188 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात् दिनांक 24-06-08 को चालान न्यायालय में पेश किया गया है. |
| 2. | खमतराई | 220/08 धारा 364-ए, 302, 34 भादवि. | 1. विश्वजीत नाग पिता हराधन नाग, 32 वर्ष, निवासी शहीद नगर पानीहीत कोलकाता. 2. मामुनी नाग पति विश्वजीत नाग, 25 वर्ष, निवासी दूधापुर दुलनापुर, लाल चौक. | राजेन्द्र शर्मा, निवासी गोरखा कालोनी, रायपुर. | थाना सिविल लाईन में अपराध क्र. 170/08 धारा 188 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना पश्चात् दिनांक 21-01-08 को गिरफ्तार किया गया है. प्रकरण विवेचनाधीन है. |
| 3. | आमा-नाका | 114/08 धारा 302, 201 भादवि. | 1. दुआराम उर्फ धन्नू पिता बुधारूराम टंडन, 20 वर्ष, निवासी मठेली थाना भाखरा जिला-धमतरी. | मुन्ना लाल टंडन पिता कालू राम टंडन, 43 वर्ष निवासी गुरूघासीदास मंदिर के पास टाटीबंध, रायपुर. | अपराध क्र.-148/08 धारा 188 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. जो विवेचनाधीन है. |
| 4. | गुढ़ियारी | 52/08 धारा 302 भादवि. | बसंत कुमार सारथी पिता लक्खु राम सारथी, निवासी डौमाबांधा थाना धमधा, जिला दुर्ग हाल-साहू पारा गुढ़ियारी रायपुर. | नरगिस पिता कृपाराम साहू निवासी साहू पारा गुढ़ियारी. | अपराध क्र. 77/08 धारा 188 भादवि का पंजीबद्ध किया गया है. प्रकरण विवेचनाधीन है. |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 320) के भाग (क) की जानकारी ]

**गैर निर्धारित ग्रेड के डामर के उपयोग के कारण वसूली जाने वाली/वसूली की गई राशि का विवरण**

| क्र. | ठेकेदार का नाम | अन्य ग्रेड का डामर उपयोग करने की मात्रा | वसूली की प्रस्तावित राशि | वसूली की गई राशि (दिनांक 30-06-2008 की स्थिति में) | शेष राशि वसूली योग्य | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | मेसर्स अनिल कं. कंपनी | 982.868 | 1856609 | 1856609 | निरंक | |
| 2. | मेसर्स आस्था कं. कंपनी | 43.022 | 29040 | 29040 | निरंक | |
| 3. | मेसर्स अग्रवाल कं. कंपनी | 187.953 | 126868 | 126868 | निरंक | |
| 4. | मेसर्स अजेन्द्र सिंह | 5.670 | 3827 | 3827 | निरंक | |
| 5. | बी. बी. वर्मा | 63.311 | 42735 | 42735 | निरंक | |
| 6. | मेसर्स मेकेडम मेकर्स | 133.245 | 89940 | 89940 | निरंक | |
| 7. | मेसर्स मेकेनली मेकेनिज्म भारत लि. | 185.296 | 125075 | 125075 | निरंक | |
| 8. | पवन कुमार अग्रवाल | 553.253 | 373446 | 373446 | निरंक | |
| 9. | मेसर्स क्वालिटी कं. कम्पनी | 1107.105 | 747296 | 747296 | निरंक | |
| 10. | रामनिवास अग्रवाल | 181.672 | 122628 | 122628 | निरंक | |
| 11. | श्रद्धा कं. कम्पनी | 42.490 | 28681 | 28681 | निरंक | |
| 12. | सुदामा प्रसाद शुक्ला | 227.287 | 153419 | 153419 | निरंक | |
| 13. | मेसर्स शिवा इंटरप्राइजेस | 45.911 | 30990 | 30990 | निरंक | |
| 14. | सीमा स्टोन | 745.667 | 368713 | 368713 | निरंक | |
| 15. | मे. शिवराज कम्पनी | 28.066 | 18944 | 18944 | निरंक | |
| 16. | सुनील कुमार अग्रवाल | 52.625 | 35521 | 35521 | निरंक | |
| 17. | तरनजीत सिंह टुटेजा | 3.620 | 2443 | 2443 | निरंक | |
| 18. | बैजनाथ अग्रवाल | 54.462 | 36762 | 36762 | निरंक | |
| 19. | मे. के. एस. कन्स्ट्रक्शन सिनेमा रोड | 168.466 | 113714 | 113714 | निरंक | |
| 20. | लाल बाबू सिंह, अंबिकापुर | 632.976 | 427259 | 427259 | निरंक | |
| 21. | प्रकाशचन्द्र राय | 252.820 | 170653 | 170653 | निरंक | |
| 22. | मे. रामनिवास पोद्दार | 126.804 | 85593 | 85593 | निरंक | |
| 23. | श्री बी. आर. सिंग भदौरिया | 120.180 | 81121.00 | 81121.00 | निरंक | |
| 24. | श्री मानकलाल साहू | 21.134 | 14265 | 14265 | निरंक | |
| 25. | मेसर्स खेतान कन्स्ट्रक्शन | 1177.470 | 794792 | 794792 | निरंक | |
| 26. | मेसर्स सेवा सिंह ओबेराय एंड कंपनी | 24.880 | 16794 | 16794 | निरंक | |
| 27. | मेसर्स तिरूपति री-सरफेसिंग प्रा. लि. | 162.609 | 109761 | 109761 | निरंक | |
| 28. | मो. फारूख वारसी, रायपुर | 248.793 | 167935 | 167935 | निरंक | |
| 29. | श्री जितेन्द्र भंडारी, दुर्ग | 1040.224 | 702151 | 702151 | निरंक | |
| 30. | श्री जी. पी. खेतान | 599.923 | 404948 | 404948 | निरंक | |
| 31. | श्रीमति कुन्ती गुप्ता | 579.882 | 391420 | 391420 | निरंक | |
| 32. | श्री केशवदास जादवानी | 29.223 | 19725 | 19725 | निरंक | |
| 33. | मेसर्स भवानी कन्स्ट्रक्शन | 88.588 | 59797 | 59797 | निरंक | |
| 34. | मेसर्स अश्विन एसोसियेट्स | 55.420 | 37408 | 37408 | निरंक | |
| 35. | मेसर्स पी. डी. अग्रवाल | 297.43 | 200765 | 200765 | निरंक | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36. | श्री अनिल कुमार चंसोरिया | 103.198 | 69659 | 69659 | निरंक | |
| 37. | श्री आई. व्ही. आर. सी. एल. इन्फ्रास्ट्रक्चर | 48.475 | 32721 | 32721 | निरंक | |
| 38. | मेसर्स एन. सी. नाहर | 167.696 | 113195 | 113195 | निरंक | |
| 39. | कुणाल इंटरप्राईजेस | 110.600 | 74655 | 74655 | निरंक | |
| 40. | मेसर्स आरती बिल्डकान | 133.68 | 90234 | 90234 | निरंक | |
| 41. | मेसर्स राहुल कन्स्ट्रक्शन | 79.747 | 53829 | 53829 | निरंक | |
| 42. | मे. संजय अग्रवाल | 257.113 | 173551 | 173551 | निरंक | |
| 43. | श्री शरद शुक्ला | 656.390 | 443063 | 443063 | निरंक | |
| 44. | श्री मे. संजय सिंघी | 390.372 | 263501 | 263501 | निरंक | |
| 45. | मे. जगदीश प्रसाद अग्रवाल | 29.820 | 20128 | 20128 | निरंक | |
| 46. | श्री मिथलेश मिश्रा | 47.411 | 32002 | 32002 | निरंक | |
| 47. | श्री एस. के. छाबड़ा | 8.558 | 5777 | 5777 | निरंक | |
| | **योग** | **12303.405** | **9363353** | **9363353** | | |